## बिहार सरकार
## नगर विकास एवं आवास विभाग

**नगर विकास एवं आवास विभाग के सभागार में दिनांक– 16.12.2015 को प्रात 11:00 बजे अपराह्न में प्रधान सचिव महोदय की अध्यक्षता में Video Conference के माध्यम से आयोजित NULM योजना की निकायवार प्रगति समीक्षा बैठक की कार्यवाहीः–**

---

**उपस्थितिः–**

सभी संबंधित नगर निकाय (बगहा और बांका को छोड़कर)

**(निकायवार उपस्थिति संलग्न)**

**बैठक में NULM योजना से सबंधित निम्न बिन्दूओं पर समीक्षा की गईः–**

- प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे शनिवार को शिविर आयोजित कर Revolving fund का वितरण करना।
- NULM योजना के EST&P घटक के तहत पारदर्शी तरीके से ज्यादा से ज्यादा Work order Issue कर STP को प्रथम या द्वितिय किस्त का समय सीमा के अन्दर भुगतान करना।
- योजना के STP घटक में Bank क्रेडिट लिकेंजो की संख्या में बढ़ोतरी।
- SUSV के घटक में Town Vending Committee (TVC) का गठन एवं बायोमेट्रिक सर्वे का कार्य पूर्ण करना।
- SUH घटक में 31 दिसम्बर 2015 तक पूर्व से मौजूद रैनबसेरा/आश्रय स्थल का प्रबंधन एवं रख–रखाव के संबंध में।

1. **Revolving Fund वितरण के संबंध में –**

   प्रत्येक माह के द्वितीय और चतुर्थ शनिवार को Revolving Fund वितरण हेतु ULB द्वारा 26/12/15 को आयोजित की जाने वाली शिविर हेतु लक्ष्य निर्धारित की गई जिसमें 30 निकायों द्वारा कुल 696 समुहों को रू. 69 लाख 60 हजार राशि वितरण का लक्ष्य है। (बेगुसराय–20, मुजफ्फरपुर–21, बेतिया–38, पटना–27 दानापुर–27, बिहारशरीफ–25, भागलपुर–74, मुगेंर–8, दरभंगा–30, सीतामढ़ी–23, सहरसा–15, कटिहार–18, पुर्णिया–7, किशनगंज–15, औरंगाबाद–13, नवादा–00, सासाराम–20, समस्तीपुर–52, शिवहार–17, अरवल–30, जमुई–18, लखीसराय–8, शेखपुरा–10, मधुबनी–15, मधेपुरा–25, सुपौल–25, भभुआ–20, जहानाबाद–15)।

   इस संबंध में कुछ निकायों द्वारा NULM के SM&ID घटक के तहत फंड की अनुपलब्धता का जिक्र किया गया–जिसपर प्रधान सचिव महोदय द्वारा Inter –component Fund Transfer कर कार्य को गति प्रदान करने का निदेश दिया गया।

2. **<u>SEP घटक के तहत बैंक से Credit Linkage करने के संबंध में–</u>**

ULB- wise Bank Credit Linkage के संबंध में समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि सभी निकायों की प्रगति बहुत धीमी है। अभी तक बने कुल 2245 समुहों में से मात्र 49 समुहों को ही बैंकों द्वारा क्रेडिट–लिकेंज की सुविधा प्रदान की जा सकी है। जिसमें आरा में–4, भागलपुर–4, बिहारषरीफ–9, छपरा–1, हाजीपुर–11 मुंगेर–2, पटना–18 द्वारा लिंकेज की जा सकी है। इस संबंध में सभी निकायों (31) जहाँ टॉस्क फोर्स का गठन कर दिया गया है, उन्हें टास्क फोर्स का नियमित बैठक कर ज्यादा से ज्यादा समूहों कों बैंको से क्रेडिट लिंकेज करने हेतु निदेश दिया गया, जिससे 26/12/2015 को होने वाले शिविरों में फंड वितरित की जा सके। इस संबंध में निकायों द्वारा कुल 980 बैंक क्रेडिट का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जो निम्नव है–

1. अररिया/आरा/अरवल/बेतिया/भभुआ/डेहरी/हाजीपुर/जहानाबाद/किशनगंज/मधुबनी/सीतामढ़ी/शिवहर –20
2. बगहा/बांका/बक्सर/गोपालगंज/जमालपुर/जमुई/खगरिया/लखीसराय/मोतीहारी/शेखपुरा/सिवान–10
3. बेगुसराय/दानापुर/दरभंगा/कटिहार/नवादा/सहरसा–30
4. भागलपुर/बिहारशरीफ/गया/मुजफ्फरपुर–40
5. मधेपुरा/मुंगेर/समस्तीपुर/सासाराम/सुपौल–25
6. पुर्णिया में–50/औरगांबाद–34/छपरा–46/पटना–35

समीक्षा के दौरान सभी निकायों द्वारा बैंकों की रुचि नहीं होने को मुख्य कारण बताया गया। इस संबंध में सभी निकाय जहॉ टॉस्क फोर्स गठित नही हुआ है, वहॉ तुरंत गठन करने को कहा गया, क्योंकि टॉस्क फोर्स में जिलों के अग्रणी बैंकों के मैनेजर के साथ–साथ SBI के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। अतः ऐसी सारी समस्याओं का ULB स्तर पर ही सुलझाया जा सकता है तथा जहॉ निकायों में टॉस्क फोर्स का गठन नहीं हुआ हैं, वहॉ शीध्र बनाने का निदेश भी दिया गया ये निकाय हैं– औरगांबाद, बगहा, बॉका, बेगुसराय, गोपालगंज, जमुई, मधेपुरा, मधुबनी, पुर्णिया, समस्तीपुर ।

CMMU, सासाराम एवं APMAS के प्रतिनिधियों के द्वारा अवगत कराया गया कि, बैंकों के द्वारा स्वयं सहायता समूह को दिये गये ऋण का उनके द्वारा Repayment नहीं करने के कारण क्रेडिट लिंकेज में कठिनाईयां होती है। यदि इस दिशा में नगर निकाय स्तर से बैंकों को कोई आश्वासन दिया जाता है तो बैंकों द्वारा स्वयं सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज आसानी से किया जा सकेगा।

3. **<u>EST&P घटक के तहत STP को Work Order Issue कर भुगतान करने के संबंध में–</u>**

समीक्षा के दौरान कुछेक निकायों जैसे–अरवल/बिहारशरीफ/ गया/ जहॉनाबाद को छोड़कर अन्य जगहों की प्रगति काफी खेदजनक हैं। इस संबंध में संबंधित निकायों द्वारा 26/12/15 को आयोजित की जाने वाली शिविर में प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं को कार्यादेश जारी कर उन्हें भुगतान हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसके लिए 37 निकायों द्वारा कुल–145 बैचों का

स्वीकृति प्रदान कर लगभग कुल 80 लाख व्यय का लक्ष्य रखा गया है (जमालपुर एवं मोतिहारी में एक–एक बैच, खगड़िया, पटना, पूर्णियां, समस्तीपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, सिवान एवं सुपौल में 2–2 बैच, अररिया, भागलपुर, छपरा, दरभंगा, गोपालगंज, किशनगंज, मधेपुरा, मुंगेर, मुजफ्फरपुर एवं नवादा में 3–3 बैच, अरवल, बेगुसराय, भभुआ, देहरी, कटिहार, मधुबनी, सासाराम एवं शेखपुरा में 4–4 बैच, लखीसराय में 5 बैच, औरंगाबाद, बेतिया, बिहारशरीफ, गया एवं जहानाबाद में 6–6 बैच, जमुई में 7 बैच, आरा बक्सर एवं सहरसा में 8 बैच)।

कुल 4 निकायों कमशः हाजीपुर/दानापुर/बगहा/बॉका द्वारा लक्ष्य निर्धारित नही किया जा सका। हाजीपुर के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बहॉ CMMU के दो कर्मी श्री आशुतोष पिछले एक माह से पत्नी की स्वास्थ्य खराब होने के कारण अनुंपस्थित हैं एवं श्री वकास बिना बताये अनुपस्थित हैं। बगहा और बॉका नगर निकाय से कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नही हुए। वहीं दानापुर नगर निकाय द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाएं Turn-up नही हो रही हैं।

निकायों द्वारा बी0पी0एल0 श्रेणी के पात्र लाभुकों की कमी के कारण निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने में कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में प्रधान सचिव महोदय के द्वारा निदेशित किया गया है कि कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु वैसे परिवारों के युवक व युवतियों को भी शामिल किया जाय जिनके पास खाद्य सुरक्षा कार्ड उपलब्ध है।

4. **शहरी निराश्रितों के लिए आश्रय स्थल (SUH) घटक के संबंध में–**

नगर निकायों में पूर्व से मौजूद रैन बसेरा/आश्रय स्थल को 31/12/15 तक सुचारु रुप से संचालित करने का निदेश दिया गया। अगले 15 दिनो के अंदर पूर्व में निर्गत–पत्र के आलोक में आश्रय स्थल जहॉ पर ALF मौजुद हैं और जहॉ नही है, वहॉ नजदीकी ALF के साथ अनुबंध कर आश्रय स्थल का रख–रखाव एवं प्रबंधन किया जाय। मोतिहारी द्वारा यह प्रश्न किया गया कि रैन बसेरा का रख–रखाव किसी NGO गैर सरकारी संस्थान के माध्यम से कराया जा रहा है तो क्या उन्हें भी ALF द्वारा चलाया जाय। प्रधान सचिव महोदय के द्वारा स्पष्ट निदेश दिया गया कि सभी नये आश्रय स्थलों का संचालन एवं रख–रखाव ALF द्वारा ही किया जाय।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यावाही समाप्त की गयी।

23.12

**प्रधान सचिव**
नगर विकास एवं आवास विभाग

**ज्ञापांकः–** 148 **/न0वि0 एवं आ0वि0 दिनांक–** 28/12/2015
प्रतिलिपिः– टीम लीडर, पी0एम0सी0–एन0यु0एल0एम0/सम्बन्धित सभी नगर आयुक्त/नगर कार्यपालक पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/12 23.12.15

**प्रधान सचिव**
नगर विकास एवं आवास विभाग